राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट **दिनांकः 01.10.2024**

माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु **वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा – 2016**, विषय–हिन्दी (नॉन–टीएसपी) के पदों हेतु आयोग द्वारा दिनांक 25.09.2024 को मुख्य सूची में अपात्र/वेकेन्ट अभ्यर्थियों के कारण रिक्त रहे पदों के विरूद्ध 86 अभ्यर्थियों को आरक्षित सूची से मुख्य सूची में प्रतिस्थापित किया गया है। साथ ही कार्यग्रहण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध पिक अप किए गए 118 अभ्यर्थियों तथा वर्ग संशोधन किए जाने के फलस्वरूप मुख्य सूची में पुनः प्रतिस्थापित 02 अभ्यर्थियों एवं आरक्षित सूची में अस्थाई रूप से प्रतिस्थापित/संशोधित 08 अभ्यर्थियों के परिणामों को आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 25.09.2024 को जारी किया जा चुका है।

उक्त परिणामों में सम्मिलित अभ्यर्थी अपना नवीनतम विस्तृत आवेदन पत्र मय अटेस्टेशन फॉर्म (आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है) दो प्रतियों में भरकर एवं शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक दस्तावेज व अन्य समुचित दस्तावेज एक प्रति में निर्धारित समय पर आयोग कार्यालय में व्यक्तिशः /डाक द्वारा दिनांक 14.10.2024 तक आवश्यक रूप से जमा करवावें, अन्यथा आयोग द्वारा किया गया अस्थाई चयन बिना किसी अन्य सूचना के निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी स्वयं की होगी।

नोटः– उक्त परिणामों में सम्मिलित अभ्यर्थियों ने पूर्व में भी यदि विस्तृत आवेदन पत्र एवं अटेस्टेशन फॉर्म यदि प्रस्तुत किए गए थे को भी पुनः नवीनतम विस्तृत आवेदन पत्र मय अटेस्टेशन फॉर्म दो प्रतियों में एवं शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक दस्तावेज व अन्य समुचित दस्तावेज एक प्रति में आवश्यक रूप से जमा करवाए जाने है।

(रामनिवास मेहता)
सचिव